भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. †2953

सोमवार, 21 मार्च, 2022/30 फाल्गुन, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**'प्रसाद' योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में स्वीकृत परियोजनाओं की स्थिति**

**†2953. श्रीमती हेमामालिनीः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्द्धन अभियान (प्रसाद) राष्ट्रीय मिशन एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसमें भारत सरकार द्वारा पूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है और जिसका उद्देश्य पर्यटन सुविधाओं पर विशेष जोर देते हुए विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के विकास की परिकल्पना के लिए स्थलों के बुनियादी ढांचे का विकास करना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या प्रसाद योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में स्वीकृत परियोजनाओं को पूरा कर लिया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इन परियोजनाओं को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ड़) जी, हाँ महोदय। पर्यटन मंत्रालय की तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना का लक्ष्य आवश्यकता अंतराल विश्लेषण आधार पर तीर्थस्थान/विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास करना, आर्थिक प्रगति के लिए एक प्रमुख साधन के रूप में पर्यटन को स्थापित करना और देश भर में पहले से अभिज्ञात गंतव्यों/स्थानों में पर्यटन कार्यकलापों में स्थानीय जनसंख्या की प्रत्यक्ष भागीदारी से उन्हें रोजगार प्रदान करके समुदाय आधारित विकास करना है। उत्तर प्रदेश राज्य तथा अन्य राज्यों के लिए इस योजना के अंतर्गत अनुमोदित परियोजनाओं की स्थिति **अनुबंध** में दी गई है।

********

**अनुबंध**

'प्रसाद' योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में स्वीकृत परियोजनाओं की स्थिति के सम्बन्ध में दिनांक 21.03.2022 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. +2953 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

**1. उत्तर प्रदेश राज्य के लिए प्रशाद योजना के तहत अनुमोदित परियोजनाओं की स्थिति**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परियोजना संख्या | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | अनुमोदित लागत | कार्य की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश | 1. | मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास | 2014-15 | 14.93 | 100% |
| | | 2. | वृंदावन, जिला मथुरा में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 | 100% |
| | | 3. | वाराणसी का विकास– चरण-I | 2015-16 | 20.40 | 100% |
| | | 4. | गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन | 2017-18 | 10.72 | 98% |
| | | 5. | प्रशाद योजना – चरण II के अन्तर्गत वाराणसी का विकास | 2017-18 | 44.60 | ~70% |
| | | 6. | गोवर्धन, मथुरा, उत्तर प्रदेश में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 39.74 | 85% |

**2. प्रशाद योजना के अन्तर्गत अनुमोदित परियोजनाओं (उत्तर प्रदेश को छोड़कर) की स्थिति**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परियोजना संख्या | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | अनुमोदित लागत |
|---|---|---|---|---|---|
| **चल रही परियोजनाओं की सूची** | | | | | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 1. | पर्यटक गंतव्य के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिला का विकास** | 2015-16 | 27.77 |
| | | 2. | श्रीसेलम मंदिर का विकास** | 2017-18 | 43.08 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 3. | लोहित जिले में परशुराम कुंड का विकास | 2020-21 | 37.88 |
| 3. | असम | 4. | गुवाहाटी में कामाख्या मंदिर और इसके आस-पास तीर्थ गंतव्य का विकास** | 2015-16 | 29.80 |
| 4. | बिहार | 5. | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में मूलभूत सुविधाओं का विकास** | 2014-15 | 4.27 |
| | | 6. | पटना साहेब का विकास** | 2015-16 | 41.54 |
| 5. | छत्तीसगढ़ | 7. | मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर, राजनंदगांव, डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़ का विकास | 2020-21 | 43.33 |
| 6. | गुजरात | 8. | द्वारका का विकास** | 2016-17 | 13.08 |
| | | 9. | सोमनाथ में तीर्थस्थल सुविधाएं** | 2016-17 | 45.36 |
| | | 10. | प्रशाद योजना के अन्तर्गत सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास** | 2018-19 | 47.12 |
| | | 11. | सोमनाथ, गुजरात में क्यू मैनेजमेंट कॉम्प्लेक्स के साथ तीर्थयात्रा प्लाजा का विकास | 2021-22 | 49.97 |
| 7. | हरियाणा | 12. | पंचकुला जिले में नाडा साहेब गुरुद्वारा और माता मनसा देवी मंदिर का विकास | 2019-20 | 49.52 |
| 8. | जम्मू और कश्मीर | 13. | हजरतबल का विकास | 2016-17 | 40.46 |
| 9. | झारखंड | 14. | वैद्यनाथजी धाम, देवघर का विकास | 2018-19 | 39.13 |
| 10. | केरल | 15. | गुरूवायुर मंदिर का विकास** | 2016-17 | 46.14 |
| 11. | मध्य प्रदेश | 16. | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 44.83 |
| | | 17. | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 |
| 12. | महाराष्ट्र | 18. | त्रिम्बकेश्वर का विकास | 2017-18 | 37.81 |
| 13. | मेघालय | 19. | मेघालय में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | 2020-21 | 29.32 |
| 14. | नागालैंड | 20. | नागालैंड में तीर्थस्थल अवसंरचना | 2018-19 | 25.26 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | का विकास | | |
| 15. | ओडिशा | 21. | मेगा परिपथ के तहत पुरी, श्री जगन्नाथधाम – रामचंडी-देवली में प्राची रिवर फ्रंट में अवसंरचना विकास | 2014-15 | 50.00 |
| 16. | पंजाब | 22. | अमृतसर में करूणा सागर वाल्मीकि स्थल का विकास** | 2015-16 | 6.40 |
| | | 23. | प्रशाद योजना के अंतर्गत रोपड़ पंजाब में चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 | 31.57 |
| 17. | राजस्थान | 24. | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 |
| 18. | सिक्किम | 25. | फोर पेट्रन सेंट्स, युकसोम में चार संरक्षक संतों पर तीर्थ सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 |
| 19. | तमिलनाडु | 26. | कांचीपुरम का विकास** | 2016-17 | 13.99 |
| | | 27. | वेलंकन्नी का विकास** | 2016-17 | 4.86 |
| 20. | तेलंगाना | 28. | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 2020-21 | 36.73 |
| 21. | त्रिपुरा | 29. | त्रिपुरा सुन्दरी मंदिर, उदयपुर का विकास | 2020-21 | 37.84 |
| 22. | उत्तराखंड | 30. | केदारनाथ का एकीकृत विकास** | 2015-16 | 34.77 |
| | | 31. | प्रशाद योजना के तहत बद्रीनाथ जी धाम (उत्तराखण्ड) में तीर्थयात्रा सुविधा हेतु अवसंरचना विकास | 2018-19 | 39.24 |
| | | 32. | प्रशाद योजना के तहत (उत्तराखण्ड) में गंगोत्री और यमुनोत्री धाम तीर्थयात्रा अवसंरचना सुविधाओं का संवर्द्धन | 2021-22 | 54.36 |
| 23. | पश्चिम बंगाल | 33. | बेलूर का विकास | 2016-17 | 30.03 |

**परियोजना का भौतिक निष्पादन पूरा हो गया है।

*******